मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

EHD-02

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

(बी. डी. पी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2023

(ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी)

ई.एच.डी.-02 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

***नोट : प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** काव्यांशों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 3×12=36

(क) जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि है मैं नाहिं।

सब अंधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माहिं।

(ख) कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।

भरे मौन में करत हैं, नैनन ही सौं बात॥

(ग) मनमोहिनी प्रकृति की जो गोद में बसा है,
सुख स्वर्ग-सा जहाँ है, वह देश कौन-सा है ?
जिसका चरण निरन्तर रतनेश धो रहा है,
जिसका मुकुट हिमालय, वह देश कौन-सा है ?

(घ) प्रथम रश्मि का आना, रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल विहंगिनि !
पाया तूने यह गाना ?
सोई थी तू स्वप्न-नीड़ में
पंखों के सुख में छिपकर,
झूम रहे थे, घूम द्वार पर
प्रहरी से जुगनू नाना।

(ङ) कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

(च) जिसने श्रम-जल दिया, उसे
पीछे मत रह जाने दो,
विजित प्रकृति से सबसे पहले
उसको सुख पाने दो।
जो कुछ न्यस्त प्रकृति में है,
वह मनुज मात्र का धन है,
धर्मराज, उसके कण-कण का
अधिकारी जन-जन है।

2. 'कुरुक्षेत्र' खंडकाव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 16

3. जयशंकर प्रसाद के सांस्कृतिक पक्ष की सोदाहरण विवेचना कीजिए। 16

4. घनानन्द के काव्य को रीतिमुक्त काव्य के सन्दर्भ में विश्लेषित कीजिए। 16

5. रामभक्ति काव्य में तुलसीदास का महत्व निर्धारित कीजिए। 16

6. प्रगतिशील काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। 16

7. राष्ट्रीय भावधारा के कवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की विशेषताएँ बताइए। 16

8. नयी कविता के सन्दर्भ में अज्ञेय और मुक्तिबोध के काव्य की तुलना कीजिए। 16

9. रीतिकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2×8=16

(क) भारतन्दुयुगीन काव्य

(ख) मीरा की भक्ति-भावना

(ग) अपभ्रंश काव्य का परिचय

(घ) भवानीप्रसाद मिश्र का काव्य